# प्रेस नोट

## कुशल खिलाड़ी भर्ती–2022–चयन परिणाम

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश में खेलों व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने व उन्हें नियमित सेवा का अवसर देने की नीति के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ,लखनऊ द्वारा उ0प्र0पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत सूचना/विज्ञप्ति संख्याः दिनांकितः 28 सितम्बर, 2022 प्रकाशित करते हुऐ कुशल खिलाडी के कोटे के 534 पदों (335 पुरुष एवं 199 महिला) पर पुरूष खिलाड़ियों के सापेक्ष 22 खेल विधाओं एवं महिला खिलाड़ियों के सापेक्ष 18 खेल विधाओं के सापेक्ष भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे।

2– उक्त भर्ती की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत संगत सेवानियमावली के प्रावधानों के अधीन बोर्ड द्वारा 10 पुरूष खेल विधाओं एवं 09 महिला खेल विधाओं के सापेक्ष कुशल खिलाड़ी कोटे में खेल विधा एवं उसकी विशिष्टता के अन्तर्गत 140 पुरूष अभ्यर्थियों तथा 94 महिला अभ्यर्थियों कुल 234 अभ्यर्थियों का चयन परिणाम दिनांक 28.03.2023 को घोषित किया गया था, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का खेल वार विवरण निम्नवत हैः–

| कमांक | खेल विधा का नाम | चयनित पुरुष अभ्यर्थियों की संख्या | चयनित महिला अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | तीरंदाजी | 12 | 10 |
| 2 | एथलेटिक्स | 54 | 40 |
| 3 | बैडमिण्टन | 06 | 04 |
| 4 | बॉक्सिंग | 11 | 08 |
| 5 | क्रासकण्ट्री | 08 | 06 |
| 6 | फुटबाल | 18 | – |
| 7 | जूडो | 10 | 10 |
| 8 | टेबिल टेनिस | 03 | 02 |
| 9 | भारोत्तोलन | 09 | 08 |
| 10 | वुशू | 09 | 06 |
| – | **योग** | **140** | **94** |

3– तद्नुक्रम में शेष खेल विधाओं के सापेक्ष अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो के मूल्यांकन की कार्यवाही में उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त खेल कौशल परीक्षण तथा खेल प्रमाण पत्रो में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर संगत सेवानियमावली के प्रावधानों के अधीन बोर्ड द्वारा 12 पुरूष खेल विधाओं एवं 09 महिला खेल विधाओं के सापेक्ष कुशल खिलाड़ी कोटे में खेल विधा एवं उसकी विशिष्टता के अन्तर्गत 164 पुरूष अभ्यर्थियों तथा 81 महिला अभ्यर्थियों कुल 245 अभ्यर्थियों का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का खेल वार विवरण निम्नवत हैः–

| कमांक | खेल विधा का नाम | चयनित पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या | चयनित महिला अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | वाटर स्पोटर्स | 42 | – |
| 2 | बॉलीबॉल | 10 | 10 |
| 3 | बास्केटबॉल | 13 | 09 |
| 4 | हैण्डबॉल | 07* | – |
| 5 | कबड्डी | 10 | 10 |
| 6 | हॉकी | 20 | 12 |
| 7 | जिम्नास्टिक | 11 | – |
| 8 | तैराकी | 11 | 06 |
| 9 | ताईक्वान्डो | 00* | 05* |
| 10 | शूटिंग | 14 | 08 |
| 11 | साइक्लिंग | 06 | 03 |
| 12 | कुश्ती | 20 | 18 |
| – | **योग** | **164** | **81** |

**4. मृतक आश्रित भर्ती–चयन परिणाम**

| कमांक | पद का नाम | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आरक्षी नागरिक पुलिस | 35 |
| 2 | आरक्षी पी0ए0सी0 | 03 |
| 3 | सहायक परिचालक | 05 |
| 4 | फायरमैन | 02 |
| – | **योग** | **45** |

5– इस प्रकार आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर **कुशल खिलाडियों** के रूप में **कुल 479** अभ्यर्थियों तथा **मृतक आश्रित के अन्तर्गत कुल 45** अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है, जो प्रशिक्षण के उपरान्त उत्तर प्रदेश पुलिस बल में कर्तव्यरत हो जायेगें।

**निकट भविष्य में सम्पन्न होने वाली भर्ती**

1. पुनः **कुशल खिलाड़ियों** के विभिन्न खेल विधाओं में **345 पदों** पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती हेतु अधियाचन प्राप्त हुए है, जिस पर प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। शीघ्र ही इन पदों पर अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जायेगे।
2. उ0प्र0पुलिस रेडियो सवंर्ग में **कर्मशाला कर्मचारी** के **120 पदों**, **सहायक परिचालक** के **1374 पदों** एवं **प्रधान परिचालकों** के **936 पदों** पर अभ्यर्थियों की परीक्षा कराये जाने की कार्यवाही अन्तिम चरण में है।
3. उ0प्र0पुलिस में **प्रोग्रामर ग्रेड–2** के **55 पदों** एवं **कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए** के **872 पदों** पर सीधी भर्ती हेतु परीक्षा की कार्यवाही शीघ्र की जायेगी।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अद्यावधिक सूचना हेतु बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ का निरन्तर अवलोकन करते रहें ।